# सींगी परिवार ने पीबीएम में प्रसूताओं के लिए बनवाये 25 ए.सी. कॉटेज

■ वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े चिकित्सा मंत्री, विधायक जेठानंद व्यास और जिला कलेक्टर रहे मौजूद



भामाशाह श्रीराम सींगी व किशन लाल सींगी ने पूर्वजों की स्मृति में बनवाए 25 कृष्णा कॉटेज का उद्घाटन विधायक जेठानंद व्यास व जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने किया।

**बीकानेर, (कासं)।** भामाशाहों की नगरी बीकानेर में शनिवार को एक और नया आयाम स्थापित हुआ। बीकानेर के सींगी परिवार की ओर से पीबीएम अस्पताल परिसर में बनाये गए 25 कृष्णा कॉटेज का शनिवार को उद्घाटन किया गया।

भामाशाह श्रीराम सींगी व किशन लाल सींगी द्वारा बीकानेर जिला उद्योग संघ की प्रेरणा से अपने पूर्वजों चेतनदास, द्वारकादास एवं दाऊलाल सींगी की स्मृति में वातानुकूलित 25 कॉटेज का निर्माण प्रसूताओं के लिए करवाया है। इनके साथ ही ऑफिस रूम, स्टोर रूम, गार्ड रूम, नर्सिंग स्टेशन, रिसेप्शन आदि भी बनाये गए हैं।

कॉटेज उद्घाटन समारोह से चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। उन्होंने सींगी परिवार का आभार जताया और कहा कि बीकानेर भामाशाहों की नगरी है। यहां के अनेक भामाशाहों ने चिकित्सा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी चिकित्सकीय सुविधाओं में सुधार की दिशा में सतत कार्य किए जा रहे हैं। इसमें भामाशाहों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा उन्हें अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलें, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में यहां के भामाशाहों ने सदैव बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सींगी परिवार द्वारा करवाये गए इस पुनीत कार्य को आने वाली पीढियां याद रखेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में पीबीएम और जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में आमूलचूल सुधार हुआ है। श्री ब्रह्म गायत्री सेवा आश्रम के अधिष्ठाता पं. रामेश्वरानंद ने कहा कि पर सेवा से बड़ी सेवा कोई नहीं होती। अच्छे कार्यों में दिया गया दान कभी निष्फल नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि बीकानेर के भामाशाह जन सरोकारों के कार्यों का नया इतिहास रच रहे हैं। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि सींगी परिवार द्वारा कॉटेज को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

उन्होंने आगंतुकों का स्वागत किया और कहा कि प्रवासी बीकानेरी भामाशाह यहां सुविधाओं के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यहां के मूंधड़ा परिवार ने 100 करोड़ से अधिक राशि से मेडिसन विंग का निर्माण करवा इतिहास रचा है। इस दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा अध्यक्ष संदीप काबरा, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र वर्मा, पीबीएम अधीक्षक डॉ बी.सी. घीया, नारायण सींगी, गोवर्धन सींगी, किशन लाल सींगी, श्रीराम सींगी, सुरेश सींगी, रमेश सींगी, कैलाश सींगी, गोपाल सींगी, योगेश सींगी, रवि सींगी, पुनीत सींगी, वल्लभ सींगी, प्रणव सींगी, अरूण करनानी, मदन मोहन राठी, संजीव पचीसिया, मनमोहन कल्याणी, श्याम सोनी, बृजमोहन दम्माणी, भरत मोहता, मुरलीधर झंवर, किशनगोपाल दम्माणी, मदन मोहन दम्माणी, गोपीकिशन दम्माणी, वीरेंद्र किराडू, नरेश मित्तल, अनंतवीर जैन, बृजमोहन चांडक, ओमप्रकाश करनानी, नरेश चुग, अश्विनी पचीसिया, लालचंद राठी, मूलचंद राठी, डॉ जितेन्द्र आचार्य, द्वारकाप्रसाद राठी आदि मौजूद रहे।

## शिव मंदिरों में आज होंगे विशेष कार्यक्रम

**बज्जू, (कासं)।** महाशिवरात्रि का पर्व आज धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर तहसील कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी और तेजपुरा घूणा स्थित प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के इन मंदिरों में पहुंचने की उम्मीद है।

तहसील कॉलोनी के शिव मंदिर में चारों प्रहर अभिषेक किया जायेगा। शास्त्री कॉलोनी के शिव मंदिर में रूद्राभिषेक का कार्यक्रम होगा। वहीं बज्जू तेजपुरा स्थित हजारीनाथ राइकानाथ घूणा पर प्रातः अभिषेक, रात्रि जागरण और भोजन-प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। राइकानाथ घूणा के महंत भोलानाथ महाराज ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन काल से स्थापित है और यहां गुरूओं की समाधियां भी हैं।

बज्जू के साथ-साथ आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था इस मंदिर से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि सैकड़ों वर्षों से गुरूओं ने इस तपोभूमि पर तपस्या की है। यह स्थान प्रमुख अखाड़ों में से एक के रूप में पहचाना जाता रहा है।

तहसील कॉलोनी शिव मंदिर के पुजारी करणी प्रसाद शर्मा ने जानकारी दी कि यह बज्जू बाजार का एक प्रमुख मंदिर है, जो वर्षों से बज्जूवासियों की आस्था का केन्द्र रहा है।

## सार-समाचार

### पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**बीकानेर, (कासं)** ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फैडरेशन व हरि प्यारी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 14 फरवरी को ब्लैक डे के रूप में मनाया गया। सदस्यों द्वारा शहीद स्मारक पब्लिक पार्क में पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। ह्यूमन राइट्स नेशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डॉ.अर्पिता गुप्ता ने जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें एक मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रेरणा देता रहेगा। जिला अध्यक्ष गुलाब सोनी ने कहा कि 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को शत-शत नमन किया। डॉ पी.के. सरीन ने बताया कि आज पुलवामा आतंकी हमले को सात साल हो गए हैं और यह दिन भारत के इतिहास का दुखद अध्याय था। इस आतंकी हमले में देश ने 40 जवानों को खो दिया और आज पूरा देश उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दे रहा है। हर भारतीय को उनके अटूट साहस से शक्ति मिलती है। कार्यक्रम में डिफेंस अकादमी के डायरेक्टर पुखराज मेघवाल, नीलम बाबरी, रितिका स्वामी राम बिश्नोई , विशाल पुरोहित, अनूप सिंह ने शपथ लेते हुए कहा कि युवाओं को वैलेंटाइन डे की जगह आज का दिन वीरों के बलिदान को याद करवाकर देशभक्ति की भावना जागृत करें। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश कपूर, सचिव विजय कपूर,आशीष गर्ग, वीरेंद्र राजगुरू, दिनेश माथुर, स्नेहा शर्मा, शगुन सोलंकी व उपस्थित सभी जनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर, 2 मिनट का मौन धारण कर, वंदे मातरम् के नारे लगाकर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### प्रभुजनों संग मनाई वर्षगांठ



तेयुप ट्रस्ट गंगाशहर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक केन्द्र की पांचवीं वर्षगांठ प्रभुजनों संग मनाई।

**बीकानेर, (कासं)।** तेरापंथ युवक परिषद ट्रस्ट गंगाशहर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक केन्द्र की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रानी बाजार स्थित अपना घर आश्रम में प्रभुजनों के साथ सार्थक समय व्यतीत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए आश्रम में रह रहे जरूरतमंदों की सेवा की गई तथा सभी को स्नेहपूर्वक भोजन करवाया गया। ट्रस्ट मंत्री मांगीलाल बोथरा ने बताया कि इस सेवा उपक्रम में अध्यक्ष ललित राखेचा, अरूण नाहटा, पीयूष लुनिया, देवेन्द्र डागा, रोशन नाहटा, रोहित बैद एवं ऋषभ लालानी ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अपनी सेवाएं प्रदान की। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष उमेश सोनी ने कहा कि तेयुप ट्रस्ट गंगाशहर निरंतर समाजोत्थान के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जहां भी आवश्यकता होती है, वहां समय-समय पर सेवा, सहयोग एवं सार-संभाल के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक केन्द्र में लगभग सभी प्रकार की चिकित्सकीय जांचें किफायती दरों पर आमजन के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का संदेश देते हुए ट्रस्ट ने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### जम्भवाणी हरिकथा का शुभारंभ

**नोखा, (कासं)** श्री गुरू जम्भेश्वर निर्वाण स्थल लालासर साथरी में फाल्गुन मेले के अवसर पर जम्भवाणी हरिकथा का शुभारंभ हुआ। यह कथा गुरुवार से शुरू होनी थी, लेकिन खेजड़ी आंदोलन के कारण देरी से शुरू हुई लालासर साथरी के महंत डॉ. स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने ज्योति प्रज्वलित कर कथा का वाचन किया। उन्होंने कथा के दौरान खेजड़ी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने कहा कि अपना माइनस प्वाइंट जानना ही सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में तत्व की प्राप्ति बिना तपस्या के संभव नहीं है। तपस्या के बाद मिली सफलता सुखी जीवन का वरदान होती है। आचार्य ने सबदवाणी के शब्दों की व्याख्या करते हुए कहा कि गुरू जांभोजी की वाणी में सभी शास्त्रों का सार निहित है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी ने गुरू जांभोजी को अपशब्द भी कहे, तो उन्होंने उसे गहना मानकर सहजता से उनके अज्ञान और अभिमान को दूर किया। इस अवसर पर आचार्य शिवानंद ने कहा कि ईश्वर सर्वव्यापी है और उसे साधना से अनुभव किया जा सकता है। 16 फरवरी को युवा सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह में बिश्नोई समाज के सफल युवाओं और अन्य प्रतिभाओं के बीच संवाद भी होगा।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 19 को

**बीकानेर, (कासं)।** उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे कार्यालय परिसर में कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जायेगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उप निदेशक हरगोबिन्द मित्तल ने बताया कि शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार सहायता, स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जायेगा। आशार्थियों को रोजगार प्रदान करने के उदेश्य से निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा विभिन्न पदों पर प्राथमिक चयन किया जायेगा।

# इंजीनियर बनने का सपना टूटा, किन्नू से की 21 लाख की सालाना कमाई

■ हिमालय के पानी ने बढ़ाया किन्नू का टेस्ट, गंगानगरी किन्नू की विदेशों में डिमांड, सबसे महंगी वाइन में होता है इस्तेमाल

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** इंजीनियर बनने का सपना अधूरा छूटा तो आर्ट्स से ग्रेजुएशन करना शुरू किया लेकिन फिर पिता का निधन हो गया। पारिवारिक और खेती को संभालने की जिम्मेदारी में पढ़ाई ही छूट गई।

फिर 25 साल तक पारंपरिक खेती में कई प्रयोग कर उससे हर साल ठीक-ठाक मुनाफा कमाने का प्रयास करता रहा। इसके बाद साल 2005 में खेती में एक और रिस्क लिया और किन्नू की बागवानी करने की ठानी। इस एक फैसले ने 50 साल के किसान की किस्मत बदल दी। आज 20 साल बाद वो किन्नू से सालाना 21 लाख तक की कमाई कर रहा है। उनके किन्नू की सप्लाई विदेशों तक है। वाइन जैसे कई प्रोडक्ट भी इसी गंगानगरी किन्नू से बन रहे हैं।

किसान दिलीप सिंह ने बताया कि उनका सपना इंजीनियर बनने का था। साल 1979 में एंट्रेंस टेस्ट दिया, लेकिन क्वालीफाई नहीं कर सके। इसके बाद पिता रामचंद्र गोदारा का निधन हो गया। बड़े भाई देवीलाल पहले से ही खेती करते थे। पिता के जाने के बाद परिवार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गई और पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। करीब 25 वर्षों तक उन्होंने पारंपरिक खेती की। गेहूं, कपास (कॉटन), सरसों और अन्य फसलें उगाई। लेकिन मुनाफा कम और मेहनत ज्यादा लगती थी। ऐसे में वर्ष 2005 में उन्होंने बागवानी की ओर कदम बढ़ाने का फैसला किया। श्रीगंगानगर कृषि अनुसंधान केन्द्र से किन्नू के 1000 पौधे खरीदे और 20 गुणा 10 फीट की दूरी पर 8 बीघा जमीन में लगाए।

चौथे साल यानी 2009 में पहली बार बाग में फ्रूटिंग हुई। प्रति बीघा करीब 50 क्विंटल उत्पादन मिला। उस समय बाजार भाव कम थे। इसलिए मुनाफा उम्मीद से कम रहा। लेकिन पहली ही बार में करीब 11 लाख रूपए की कमाई हुई।

दिलीप गोदारा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से उत्पादन घटकर करीब 100 क्विंटल प्रति बीघा रह गया है, लेकिन बाजार में भाव बेहतर मिलने लगे हैं। इस वर्ष किन्नू 27 रूपए प्रति किलो के भाव से बिका।

केलिफोर्निया से आई किन्नू की किस्म ने श्रीगंगानगर को नई पहचान दिलाई है। हिमालयन रेंज से निकलने वाली सतलुज नदी का पानी गंगनहर के जरिए यहां के किसानों तक पहुंचता है, जिससे जमीन की उर्वरता बनी हुई है। इसी उपजाऊ मिट्टी और मीठे पानी की बदौलत यहां की किन्नू में खास मिठास आती है। यही कारण है कि किन्नू न केवल क्षेत्र की पहचान बनी बल्कि किसानों की किस्मत भी लगातार बदल रही है।

श्रीगंगानगर के किन्नू की अलग मिठास के कारण डिमांड बनी रहती है। व्यापारी बागान में पहुंचकर अपने स्तर पर तुड़ाई करवाकर ट्रांसपोर्ट कर ले जाते हैं।

## शहीद प्रताप सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले के गांव 14 एफएफ में शहीद सूबेदार प्रताप सिंह की याद में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

सरकारी स्कूल परिसर में हुए कार्यक्रम में सैनिकों, परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। सूबेदार प्रताप सिंह ने 18 साल की उम्र में देश सेवा का संकल्प लिया था। 25 जुलाई 1968 को वे सिख लाइट इन्फैंट्री में भर्ती हुए।

उन्होंने 27 साल तक भारतीय सेना में सेवा दी और देश के अलग- अलग हिस्सों में तैनात रहकर अपने कर्तव्य निभाए। साल 1988-89 के दौरान सूबेदार प्रताप सिंह ने ऑपरेशन पवन में भाग लिया। यह अभियान भारतीय सेना द्वारा श्रीलंका में एलटीटीई आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया था। 7 दिसम्बर 1994 को जब उनकी बटालियन सियाचिन ग्लेशियर में तैनात थी, तब उन्हें पेट्रोलिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। पेट्रोलिंग के दौरान टोली का नेतृत्व करते हुए दुश्मन से मुकाबले में उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

# महाशिवरात्रि आज, 108 मंदिरों में अभिषेक, पूजन

■ रात्रि कालीन चार पहर पूजन में विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक होंगे

**बीकानेर, (कासं)।** नत्थूसर बास स्थित श्री नवलेश्वर मठ, श्री विवेकनाथ की बगेची में रविवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजन श्री 108 योगी शिवसत्यनाथ महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होगा।

महोत्सव के धार्मिक अनुष्ठान पंडित जुगल किशोर ओझा (पुजारी बाबा) के आचार्यत्व में शास्त्रोक्त विधि-विधान से संपन्न होंगे। बगेची के सेवादार नन्दकिशोर गहलोत के अनुसार बगेची परिसर में महाशिवरात्रि के पूरे दिन विशेष पूजा-अर्चना का क्रम चलेगा। जबकि रात्रि विशेष अनुष्ठान के दौरान जिसमें पंच-पंचायत पूजन सहित भगवान शिव के चारों प्रहरों का विशेष पूजन किया जायेगा। महाशिवरात्रि के उत्सव को लेकर के पूरे बगेची परिसर की विशेष साफ सफाई के साथ रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है

महाशिवरात्रि पर्व पर प्रातः नो बजे से धनीनाथ गिरि मठ पंच मंदिर स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर व नागणेची मंदिर स्थित हंस पातालेश्वर महादेव मंदिर में त्रिवेणी संगम के जल दुग्ध आदि द्रव्य से अभिषेक पूजन व भोग के दिव्य व विशेष अनुष्ठान के साथ जिले/शहर के निर्धारित 108 मंदिरों में अभिषेक, पूजन के विशेष व दिव्य अनुष्ठान 15 फरवरी को होंगे। रात्रि कालीन चार पहर पूजन में विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक होंगे।

भारतीय संस्कृति व सनातन सार्वभौम महासभा श्री विप्र महासभा की ओर से भारतीय संस्कृति व सनातन जागृति महा अभियान के वर्ष पर्यन्त के अनुष्ठान जारी है। इसी के अंतर्गत महा अभियान समर्पित पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच की अगुवाई में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री धनीनाथ गिरि मठ सहित शहर/जिले के निर्धारित 108 मंदिरों में त्रिवेणी संगम के जल दुग्ध आदि से अभिषेक पूजन व अनुष्ठान किए जायेंगे। सभी सनातन भक्तों को सवा लाख मंत्रों से अभिमंत्रित शिव दरबार की दिव्य व विशेष तस्वीर घरों में पूजन के लिए भेंट की जायेगी।

# तापमान वृद्धि से रबी फसलें प्रभावित

■ मौसम में अनुकूल परिवर्तन नहीं हुआ तो फसलों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है

■ इससे उत्पादन में कमी आने की संभावना है

**महाजन, (कासं)।** महाजन क्षेत्र में बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इस मौसमी बदलाव से रबी की प्रमुख फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

उत्तरी हवाओं का प्रभाव कम होने से सर्दी का असर लगभग समाप्त हो गया है। हालांकि सुबह और शाम के समय अभी भी हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में कोई सक्रिय मौसमी सिस्टम नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है।

19 और 20 फरवरी के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की उम्मीद है। लेकिन इससे तापमान में विशेष राहत मिलने की संभावना कम है। इस समय चना, गेहूं और सरसों जैसी रबी की फसलें पकने की अवस्था में हैं। बढ़ते तापमान के कारण इन फसलों को सामान्य से अधिक सिंचाई की आवश्यकता पड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम में अनुकूल परिवर्तन नहीं हुआ तो फसलों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इससे उत्पादन में कमी आने की संभावना है।

## श्रीगंगानगर में बारिश की संभावना

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और तेज धूप सता रही है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जिले में 16 फरवरी को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। जिससे जिले के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। 18 फरवरी के बाद मौसम साफ हो जायेगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो जायेगी।

हालांकि सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना रहता है। लोग दिन में बिना गर्म कपड़ों के निकल रहे हैं। फरवरी में मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# नापासर पालिका के कई वार्डों में अंधेरा, सफाई व्यवस्था बदहाल

■ स्वच्छता पर करोड़ों रुपए खर्च करने के दावों के बीच धरातल पर सफाई की बदहाल तस्वीर

**नापासर, (निसं)।** नापासर नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर असंतोष सामने आने लगा है। कस्बे के कुछ हिस्सों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाकर रोशनी का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि कई वार्ड आज भी अंधेरे, गंदगी और बदहाल व्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में पालिका प्रशासन पर पक्षपात और मनमानी के आरोप तेज हो गए हैं।

खास बात यह है कि वर्तमान में पालिका चेयरमैन का पद खाली है और प्रशासक व्यवस्था लागू है, फिर भी समान विकास नजर नहीं आ रहा, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्ड नंबर- 13 के पूर्व पार्षद हनुमान गिरी ने बताया कि वार्ड में आधे से ज्यादा पोल की लाइटें बंद हैं और सफाई नाम मात्र की हो रही है। जगह-जगह कीकर के पेड़, फैली गंदगी और अंधेरा हादसों को न्योता दे रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि 500 स्ट्रीट लाइटों में से एक भी उनके वार्ड में नहीं लगाई गई। कई बार अधिशासी अधिकारी को शिकायत देने के बाद भी केवल आश्वासन मिला। वार्ड नंबर-15 के निवासी मुरली नाई का कहना है कि सफाई कर्मचारी शायद ही कभी वार्ड में आते हैं। रामसर रोड और देशनोक बाईपास की आधे से ज्यादा लाइटें बंद पड़ी हैं। शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस हैं।

वार्ड नंबर- 1 के घनश्याम माली ने बताया कि कचरे के ढेर, टूटे चैम्बर और बदहाल सफाई व्यवस्था से लोग परेशान हैं। उनका आरोप है कि पालिका विकास का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन काम सिर्फ मनचाहे वार्डों में ही दिखाई देता है। वार्ड नंबर- 22 के पूर्व पार्षद अजय मेघवाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कचरा संग्रहण वाहन तक नहीं पहुंच रहा। प्रशासनिक नियंत्रण में पालिका चलने के बावजूद यह असमानता कई सवाल खड़े करती है। केंद्र के स्वच्छ भारत मिशन और राज्य सरकार द्वारा स्वच्छता पर करोड़ों रुपए खर्च करने के दावों के बीच धरातल पर ऐसी बदहाल तस्वीर चिंताजनक है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हें बच्चों ने बनाए विज्ञान के कई मॉडल



विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हें बच्चों द्वारा बनाए विज्ञान के मॉडल्स का अवलोकन उपनिदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य ने किया।

**बीकानेर, (कासं)।** मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित आरबीएम पब्लिक सैकण्डरी स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा शरीर विज्ञान, भौतिक और रसायन विज्ञान, अंतरिक्ष और रक्षा विज्ञान सहित कृषि और उद्यानिकी से संबंधित सौ से अधिक मॉडल बनाये गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। उप जिला शिक्षा अधिकारी (शाशि) अनिल बोडा और ज्योतिर्विद हरिनारायण व्यास मन्नासा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में राजेन्द्र जोशी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व से सीखने का आव्हान किया। जोशी ने कहा कि ऐसे अवसर बच्चों के लिए सीखने के प्लेटफॉर्म हैं। समय-समय पर ऐसे आयोजन होने चाहिए। डॉ. आचार्य ने कहा कि आज हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे। अनिल बोड़ा के कहा कि आज बच्चे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। राज्य सरकार भी इन्हें प्रोत्साहित कर रही है। इस अवसर पर मन्नासा ने कहा कि बच्चे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

अतिथियों ने मॉडल्स का अवलोकन किया और विद्यार्थियों ने अपने द्वारा बनाए गए विज्ञान परियोजनाओं की जानकारी ली। बच्चों ने अरावली बचाओ अभियान, लिफ्ट, पवन ऊर्जा, डायनासोर जीवन बचाओ, वन्य जीवन, कास्टिक सोडा, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिटी, सौर मण्डल, मैजिक गेम जोन, हैरी पॉटर आदि थीम पर मॉडल बनाए। विद्यालय संस्थान प्रधान अभिजीत व्यास ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया। अभिभावकों और आगंतुकों ने भी प्रदर्शनी में रूचि दिखाई और बच्चों की मेहनत की प्रशंसा की। इस अवसर पर सैकड़ो लोगो ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सूरतगढ़ रेलवे परिसर में मृत मिला युवक

**सूरतगढ़, (कासं)।** सूरतगढ़ रेलवे परिसर में रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। हालांकि उसकी शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलने पर नर सेवा नारायण सेवा समिति विजय कटारिया सहित सदस्यों ने भी मौके पर पहुंचकर रेलवे पुलिस की सहायता की। समिति के सहयोग से शव को रेलवे परिसर से उठाकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया ताकि पहचान होने पर परिजनों को सौंपा जा सके। रेलवे पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन मृतक के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेजी जा रही है।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13-2-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा न. 33 के किला नं. 16 में भूखण्ड सख्या का माप 30'-0''गुणा 60'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री अमीलाल पुत्र श्री मोहन लाल निवासी वार्ड नं. 5, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री अमीलाल पुत्र श्री मोहन लाल निवासी वार्ड नं. 5, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा न. 33 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 60'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref No.: 20523538 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13-2-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा न. 19 के किला नं. 13 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 20'-0''गुणा 70'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती भवरी देवी पुत्र श्री पूर्ण चन्द्र निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती भवरी देवी पुत्र श्री पूर्ण चन्द्र निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा न. 19 के किला नं. 13 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 20'-0''गुणा 70'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref No.: 20510465 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।